## जल दिवस पर हुई कार्यशाला

**भरतपुर** (निस)। राजीव गांधी जल संचय योजना द्वितीय चरण अन्तर्गत विश्व जल दिवस का आयोजन जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीनिधि बी.टी. की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राजीव गांधी जल संचय योजना एवं प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अन्तर्गत विश्व जल दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा कि जल की उपयोगिता को समझते हुए महात्मा गाँधी नरेगा के अन्तर्गत जल संसाधन विभाग, जलग्रहण विकास विभाग उद्यान विभाग, कृषि विभाग एवं वन विभाग आदि अधिक से अधिक जल संरक्षण के कार्य करावें डीपीएम, राजीविका को कहा कि स्वयं सहायता समूहों एवं सीएलएफ के माध्यम से नर्सरी को स्थापना कराई जाये। उन्होंने बताया कि विश्व जल दिवस को जिला स्तर, ब्लॉक स्तर एवं ग्राम पंचायत स्तर पर मनाया जा रहा है। जलग्रहण विकास के अधीक्षण अभियंता अशोक कुमार अम्बेश ने पीपीटी के माध्यम से राजीव गांधी जल संचय अभियान एवं प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए कराये गये जल संरक्षण के कार्यों के बारे में बताया।

# महर्षि गौतम जयंती पर 75 प्रतिभाएं पुरस्कृत



सवाईमाधोपुर में श्री महर्षि गौतम जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई ।

**सवाईमाधोपुर** । श्री जिला गौत्तम आश्रम ट्रस्ट बजरिया के तत्वाधान में चैत्र शुल्क प्रतिपदा बुधवार को श्री महर्षि गौतम जयंती बड़ी धूमधाम हर्षोल्लास के साथ मनाई गई । ट्रस्ट मंत्री हनुमान पंचारिया ने जानकारी देते हुए बताया कि सुबह श्री महर्षि गौतम जी का पूजन, हवन, उसके बाद 10 बजे से 12 बजे तक रंगोली प्रतियोगिता, दोपहर 1 से 4 बजे तक प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित हुआ। जिसमे ट्रस्ट के पदाधिकारीओ द्वारा अखिल भारतवर्षीय श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महासभा के प्रदेश सूचना प्रसारण मंत्री सुरेंद्र शर्मा पत्रकार सहित समाज की 75 वरिष्ठ प्रतिभाओ को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया । इस अवसर पर गौतम आश्रम ट्रस्ट के अध्यक्ष वैद्यनाथूलाल शर्मा, उपाध्यक्ष गंगा शंकर शर्मा, मंत्री हनुमान पंचारिया, कोषाध्यक्ष मोहनलाल गौतम, सह मंत्री भगवान सहाय शर्मा, हरिमोहन शर्मा, किशोरी लाल शर्मा,ओमप्रकाश गौतम कुंडेरा, नरेश गौतम, महेश शर्मा, पीयूष शर्मा , ट्रस्ट के सदस्य शिवराज शर्मा, माया देवी, सीमा शर्मा, भगवान सहाय, गजानंद शर्मा, अनुपम गौतम, रामस्वरूप, चेतन, सुरेश कुमार, श्याम लाल, हनुमान प्रसाद, सत्यनारायण धामोंत, नरोत्तम कुमार, अनूप कुमार, गोविन्द सहाय, लक्ष्मीकांत, गिरिराज प्रसाद, राजेंद्र शर्मा, विक्की, प्रेमराज शर्मा, जुगल किशोर, अंजनी कुमार, चमन प्रकाश, एवं प्रबुद्ध जन महिला एवं पुरुष मौजूद रहे। उसके बाद गौतम आश्रम से भव्य शोभायात्रा निकाली गई,। जिसमे महर्षि गौतम का विशेष रथ सजाया गया एवं राधा कृष्ण , भगवान शंकर की सजीव झांकियां सजाई गई। शोभा यात्रा गौतम आश्रम से रवाना होकर टोंक रोड,प्रेम मंदिर होती हुई मुख्य बाजार में पहुंची। शोभा यात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया। शोभायात्रा में समाज के बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुषों ने भाग लिया।

## व्यवस्थाओं का किया अवलोकन

**भरतपुर** (निस)। महारानी श्री जया महाविद्यालय के खेल मैदान पर आयोजित होने वाले मेगा जॉब फेयर का मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा अवलोकन किये जाने को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा व्यवस्थाओं के संबंध में पर्यटन एवं नागरिक उडडयन विश्वेन्द्र सिंह सहित जिले के आला प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान संबंधित अधिकारियों द्वारा पुलिस परेड ग्राउण्ड स्थल स्थित हैलीपैड एवं महारानी श्री जया महाविद्यालय के खेल मैदान पर आयोजित होने वाले मेगा जॉब फेयर स्थल का गहनता से निरीक्षण कर सभा स्थल पर सुरक्षा डी, पत्रकार दीर्घा, अतिथि दीर्घा के प्रवेश एवं निकासी के संबंध में जानकारी लेकर व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरूस्त करने के निर्देश दिये साथ ही मुख्यमंत्री के हैलीपैड से सभा स्थल तक के पहुँच मार्ग का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा, पुलिस महानिरीक्षक गौरव श्रीवास्तव, जिला कलक्टर आलोक रंजन, जिला पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह आदि मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### नव संवत्सर पर दी शुभकामनाएं

**हिण्डौन सिटी** । भारत विकास परिषद शाखा हिंडौन सिटी द्वारा आज नव संवत्सर के अवसर पर टेलीफोन एक्सचेंज चौराहे पर स्वागत द्वार लगाकर नागरिकों को नव वर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित की गई। चौराहे से गुजरने वाले प्रत्येक नागरिक को परिषद सदस्यों द्वारा चंदन का टीका लगाकर हिंदू नव वर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित की गई एवं प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में सचिव वर्धमान जैन प्रांतीय पदाधिकारी देवेंद्र शर्मा सुबोध जैन मुकेश जैन हेमंत खत्री अशोक गर्ग अनिल जी सीए नरेश रामपुरा वीरेंद्र जैन ओमप्रकाश ढिढोरा कमलेश वशिष्ठ दीनदयाल सिंघल एवं महिलाओं में नीलम खत्री पूजा सिंघल वंदना शर्मा पूनम जैन आरती बिंदल सुधा गोयल रमनी जैन कुमकुम आदि उपस्थित रहे।

### शहीद दिवस पर रैली आज

**करौली** (नि.स.)। जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह ने एक आदेश जारी कर बताया कि स्वतंत्रता सैनानी शहीद भगत सिंह,राजगुरू एवं सुखदेव की स्मृति में शहीद दिवस 23 मार्च को जिला मुख्यालय,उपखंड मुख्यालय व पंचायत मुख्यालय पर अहिंसा मार्च का आयोजन किया जायेगा। इस संबंध मे उन्होने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिये जिला स्तर पर कमेटी का गठन किया है। उक्त कमेटी मे सहायक कलेक्टर नोडल अधिकारी रहेंगे एवं मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी सहायक नोडल अधिकारी रहेंगे।

### नववर्ष की शुभकामनाएं दी

**भरतपुर** (निस)। अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन महिला ईकाई द्वारा भारतीय नव वर्ष 2023 के शुभ अवसर पर रेडक्रॉस सर्कल पर आम जनता को नव वर्ष की शुभकामनाएं देने, चंदन टीका लगाने और मिश्री-काली मिर्च का प्रसाद वितरण करने का कार्यक्रम किया गया। साथ ही नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं का स्टीकर भी उनके वाहनों पर लगा कर पुष्प वर्षा भी की गयी।

# मां कैलादेवी मेले में चौथे दिन तक 21 लाख श्रद्धालु पहुंचे



मां कैला देवी के दरबार में नव संवत्सर पर श्रद्धा का अपार सैलाब उमड़

**करौली** (नि.स.) । उत्तर भारत के प्रमुख शक्ति पीठ तीर्थ स्थल कैलादेवी में नव संवत्सर पर श्रद्धा का अपार सैलाब उमड़ पड़ा, जिसने अब तक के मेलों के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। बाजारों में खचाखच श्रद्धालु और सड़कों पर वाहनों के जाम से लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ी। कैलादेवी के चल रहे लक्खी मेले के चौथे दिन नव संवत्सर पर घट स्थापना के साथ नवरात्र शुरू हुए। रात 1:00 बजे राज्याचार्य प्रकाश चंद जती के साथ विद्वान पंडितों की उपस्थिति में कैलादेवी मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने घट स्थापना की और प्रातः मंगला आरती पर महा आरती का आयोजन किया । नवरात्र शुभारंभ के पहले दिन रात्रि से ही श्रद्धालुओं की कतारें रैलिगों में लगना शुरू हो गई जो भीड़ बढ़ते हुए मुख्य बाजार स्थित पुराने थाने तक पहुंच गई । खोहरी मोड से रोडवेज बस स्टैंड के 3 किलोमीटर सड़क मार्ग में जाम लगा रहा जिसमें वाहनों में बैठे दर्शनार्थियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस दौरान सारी पुलिस व्यवस्था फैल हो गई सड़क पर पद यात्रियों के अलावा आने जाने वाले भारी वाहनों और रोड किनारे खड़े वाहनों से लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

## महापंचायत की सफलता पर आभार

**गंगापुर सिटी** । विप्र सेना इकाई गंगापुर सिटी की बैठक का आयोजन मोती पैलेस में किया गया। बैठक में महापंचायत के सफलतापूर्वक आयोजन होने सहित आगामी कार्यक्रमों को लेकर समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता नागेश कुमार शर्मा जिला अध्यक्ष (युवा प्रकोष्ठ) विप्र सेना ने करते हुए सभी कार्यकर्ताओं का महापंचायत को सफल बनाने के लिए धन्यवाद अर्पित किया। साथ ही आगामी किए जाने वाले विप्र महाशक्ति सम्मेलन कार्यक्रम की जानकारी दी। नगर अध्यक्ष रवि कुमार शर्मा ने गंगापुर सिटी की नगर टीम के कार्यकर्ताओं के दायित्व की घोषणा की। जिसमे विधानसभा प्रभारी का दायित्व बंदरिया बालाजी के महंत गौरव पंडा, नगर महिला संयोजक भारती शर्मा, सह-संयोजक श्वेता शर्मा, महिला संरक्षक श्रीमती राधा शर्मा को नव दायित्व सौंपे गए।

# कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला समाज के आदर्श : चंदीला

**करौली** (नि.स.) । जिले के मुड़िया गांव में जन्मे स्वर्गीय कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला का शुरू से समाज के लिए बड़ा योगदान रहा है और कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला समाज के वह पुरोधा थे। कर्नल बैंसला ने समाज के अंदर फैली कुरीतियों को दूर करने की मुहिम चलाई साथ ही साथ समाज में शिक्षा का भी अलख जगाया बैंसला राजस्थान के गुर्जरों के ही नेता नहीं थे बल्कि बैंसला ने गुर्जर समाज को आरक्षण दिलाने के लिए जो मुहिम छेड़ी उसमें पूरे देश में बैंसला गुर्जरों के सर्वमान्य नेता के रूप में उभर कर सामने आए।

कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला का निधन पिछले वर्ष 31 मार्च को हो गया था अब बैसला की 31 मार्च को उनके पैतृक गांव मुडिया में उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर बड़ा कार्यक्रम का आयोजन सभी समाज के लोगों की ओर से करने की तैयारी जोर शोर से शुरु हो गई है। इस अवसर पर कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला के पुत्र विजय बैंसला उनकी पुत्री सुनीता बैंसला सहित आसपास के सैकड़ों गांव के पंच पटेलों ने बैठक कर पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजनों की रूपरेखा की तैयारी शुरू कर दी है। इस अवसर पर भाजपा के करौली से भावी प्रत्याशी सतवीर चंदीला ने भी कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला के पैतृक गांव और उनके निवास पर जाकर पुण्यतिथि के आयोजन में सहयोग की बात कही भाजपा नेता सतवीर चंदीला ने कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला के पुत्र विजय बैंसला के साथ बैठक कर आयोजन में जो भी सहयोग ग्रामीणों को और समाज को चाहिए उसमें वह पूरी तरह सहयोग करने का भरोसा दिलाया , साथ ही भाजपा के वरिष्ठ नेता व करौली से बीजेपी के भावी प्रत्याशी सतवीर चंदीला ने स्वर्गीय कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की एक प्रतिमा करौली के मासलपुर चुगी तिराहे पर लगाने की भी घोषणा भी कि,स्वर्गीय बैंसला की पुण्यतिथि पर स्वर्गीय बैसला की करौली मासलपुर तिराहे पर प्रतिमा लगाकर उनको श्रद्धांजलि दी जाएगी। चंदीला ने कहा कि कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला ने समाज के लिए जो नए आयाम दिए व समाज को एक नई राह दिखाई इसीलिए कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला समाज के एक बड़े आदर्श हैं। उनके दिखाए रास्ते पर समाज के हर व्यक्ति को चलना चाहिए जिससे समाज,परिवार और गांव आगे बढ़ सके। जिस तरह कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला कहते थे कि शिक्षा को ही समाज में प्राथमिकता से हर परिवार में बच्चों को देने का काम होना चाहिए। यही हर परिवार और समाज और गांव को आगे बढ़ाने का मूल मंत्र है।

## टी-शर्ट का विमोचन

**गंगापुर सिटी** । लायंस क्लब गरिमा द्वारा सीपी हॉस्पिटल के द्वारा प्रायोजित बुधवार को शहीद दिवस के दिन होने वाली एक दौड शहीदों के नाम कार्यक्रम हेतु टी शर्ट का विमोचन किया गया। लायंस क्लब गरिमा के अध्यक्ष लायन मनीष सागवान ने बताया की शहीद दिवस के उपलक्ष में क्लब गरिमा द्वारा देश के वीर शहीदों के सम्मान हेतु एक दौड शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम हेतु सागवान द फर्नीचर टाउन पर टी-शर्ट का विमोचन किया गया। कार्यक्रम संयोजक लॉयन शशिकांत शुक्ला एवं मनीष गोयल ने बताया की एक दौड शहीदों के नाम बजरिया स्थित राम शाला से प्रातः 5.3० प्रारंभ होकर पूरे चर्च ग्राउंड में चक्कर लगाकर रामशाला पर आकर समाप्त होगी। कार्यक्रम के उपरांत सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट वितरण किया जावेगा। कार्यक्रम में विशेष सहयोग देने वाले प्रेस क्लब से डॉक्टर डीसी शर्मा ने बताया पिछले 3 वर्षो से लगातार यह दौड शहीद दिवस के दिन आयोजित की जा रही है।

## फागमहोत्सव का आयोजन

**भरतपुर** (निस)। विप्र फाउंडेशन भरतपुर के तत्वाधान में फाग उत्सव एवं स्नेह मिलन समारोह का आयोजन होटल इगल नेस्ट भरतपुर में किया गया। जिसमे महिला प्रकोष्ठ की जिला कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह भी आयोजित हुआ। फाग उत्सव में होली के गानो पर विप्र फाउंडेशन के पदाधिकारियों जमकर नृत्य किया और फूलो की होली खेली गयी। कार्यक्रम में श्रीराम जन्मोत्सव शोभायात्रा के पोस्टर का विमोचन किया साथ सभी से अपील की गयी अधिक से अधिक लोगो को साथ लेकर शोभायात्रा में सम्मिलित होने का आवाहन किया गया। साथ ही गत वर्ष गोवेर्धन पूजा के अवसर पर कॉलेज ग्राउंड भरतपुर में 108 फुट के श्री गिर्राज महाराज जी का विग्रह निर्माण करने वाले सुभाष भारद्वाज, सोनू, हरीशंकर का विप्र फॉउंडेशन भरतपुर की ओर से सम्मान किया गया। इसके साथ ही बाल कल्याण समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष राजाराम भूतौली, सदस्य लोकेश मुदगल, देवेंद्र गुर्जर, भूपेन्द्र नौगाया, गीता शर्मा का अंग वस्त्र साफा एवं तस्वीर भेट कर सम्मान किया गया।

# सड़क निर्माण कार्य का शुभारम्भ



वार्ड 43 में पार्शद दीपक मुद्गल ( बाएं से दूसरे ) ने पूजा अर्चना से किया सड़क निर्माण कार्य का शुभारम्भ।

**भरतपुर** (निस)। नगर निगम के वार्ड 43 में पूजा अर्चना कर शुरू किया सड़क निर्माण कार्य। पिछले कई वर्षों से वार्ड 43 के कुछ क्षेत्र की मुख्य सड़क जीर्ण शीर्ण अवस्था में पड़ी थी जिससे प्रतिदिन घटना दुर्घटनाएं हो रही थी। आखिरकार वार्ड पार्षद दीपक मुदगल के अथक प्रयासों की मेहनत रंग लाई जिससे सड़क निर्माण का श्री गणेश हुआ। वार्डवासियों ने बड़े हर्ष के साथ पूजा अर्चना एवम मिठाई वितरण कर सड़क निर्माण शुरू किया। पार्षद ने कहा की प्रदीप हॉस्पिटल से कब्रिस्तान एवम मुख्य गालियां व हाउसिंग सेक्टर एक में लगभग 50 लाख की लागत से सी सी निर्माण करवाया जा रहा है। इस मौके पर निवास शर्मा, उमेश गुप्ता, अतर सिंह, धर्म सिंह, त्रिवेंद्रम मास्टर, हरवीर सिंह, गोपाल सिंह, अनिल कुमार, राजेंद्र सिंह, रामनिवास, नगर निगम के ठेकेदार देवेंद्र शर्मा, बच्चे व महिला उपस्थित रहे।

## यात्रियों को कराया अल्पाहार

**गंगापुर सिटी** । हिन्दू नववर्ष एवं चैत्र नवरात्रि के अवसर पर पूर्व बार एसोसियेशन अध्यक्ष एवं मार्निंग वाक ग्रुप के अध्यक्ष एडवोकेट सीताराम गुप्ता द्वारा कैलादेवी मैया के श्रदालुओं को गरम पकोडी व मोतीचूर के लड्डूओ का प्रसाद बांटा गया। दोपहर 3 बजे से यह प्रसाद बाटने के कार्य शुरू किया गया जो अनवरत 7 बजे तक चलाया गया। मॉर्निंग वॉक ग्रुप के अध्यक्ष सीताराम ने बताया कि आज बिंदु नववर्ष और चैत्र नवरात्रि के मौके पर कैलादेवी मैया के दर्शन पाने के लिए दूर दराज से आये हुये सभी श्रदालुओं की भंडार किया गया जिससे श्रद्धालुओं को प्रसाद पाकर बहुत प्रसन्नता हुई। मार्निंग वाक के अध्यक्ष सीताराम गुप्ता ने बताया कि समय समय पर मार्निंग वाक गुरुप जन सेवा, समाज सेवा के हितार्थ के कार्य करता रहेगा। इस प्रसाद वितरण के कार्यकर्म में पूर्व जिला प्रमुख मिठुलाल गुर्जर, सैनी समाज जिलाध्यक्ष सी एल सैनी, मनोज बंसल, अजय पाराशर, भाजयुमो जिलाध्यक्ष नागेश लोढी, एडवोकेट रजत गुप्ता, पप्पू मुंशी, एडवोकेट सत्यनारायण शर्मा, विमल जैन, सौरभ सोनी पिलोदा, राजू सैनी, राजेन्द्र जांगिड आदि मौजूद रहे।

# मां कैला देवी जी के लिए 24 घंटे बस सेवा

**गंगापुर सिटी** । प्रसिद्ध कैलादेवी का लक्खी मेला शुरू हो गया है। यह मेला 4 अप्रैल तक चलेगा। मेले में जाने वाले यात्रियों की सुविधाओं को लेकर हिडौन आगार सहित अन्य आगारों की रोडवेज बसों के लिए गंगापुर सिटी रेलवे स्टेशन पर अस्थाई रोडवेज स्टैंड बनाया गया। यहां से 30 बसों का संचालन शुरू हो गया है। रेलवे स्टेशन के बाहर से 24 घंटे यात्रियों को रोडवेज बसों की सुविधाएं मिलेगी। साथ ही गंगापुर सिटी रेलवे स्टेशनों पर ट्रेनों के माध्यम से कैलादेवी मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए रेलवे स्टेशन से बस उपलब्ध रहेंगी। हिण्डौन आगार के मुख्य प्रबंधक विश्राम मीना ने बताया कि इन स्टैंड से सवारियां फुल होने पर आधा से एक घंटे में यात्रियों की बस रवानगी हो सकेगी। उन्होंने बताया कि गंगापुर सिटी से लेकर कैलादेवी मेले का किराया 35 रुपए लगेगा। किराए में महिला-पुरुषों को 30 प्रतिशत की छूट मिलेगी। वर्तमान में रोडवेज बसों में केवल महिलाओं को ही किराया राशि में 30 प्रतिशत छूट दी जाती है। हालांकि इस बार के बजट में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बडे धार्मिक स्थलों के मेले में आने वाले यात्रियों को रोडवेज बसों में 50 प्रतिशत छूट की घोषणा की थी।


## कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति 'ब' श्रेणी बयाना जिला भरतपुर ( राज. )

क्रमांक/नीलामी/लेखा/2022-23/3141 दिनांक 21.03.2023

**- : खुली बोली नीलामी सूचना :-**

वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति बयाना जिला भरतपुर (राज.) की गौण मण्डी यार्ड रूपवास के लिए केन्टीन ठेका (क्योस्क) अधिकृत/पंजीकृत संवेदको के लिए निम्न प्रकार नीलामी बोली सूचना आमंत्रित की जाती है।

| क्रम | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | प्रतिभूति राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | प्रतिभूति राशि प्रस्तुत करने का दिनांक व समय व स्थान | बोली लगाने की दिनांक समय व स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | केन्टीन ठेका | 100,000/- | 2000/- (सचिव कृषि उपज) समिति बयाना के नाम डीडी/नगद/ बैंकर चैक द्वारा देय) | 200/- (चालान प्रति) | दिनांक 27.03.2023 समय दोपहर 11:00 बजे तक स्थान (सचिव कृषि उपज समिति बयाना) | दिनांक 27.03.2023 समय सांय 02:00 बजे तक स्थान (गौण मण्डी यार्ड रूपवास) |

1. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना मय बोली दस्तावेज http://sppp.rajasthan.gov.in पर एवं कार्यालय में कार्यालय समय के दौरान देखी जा सकती है।


सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति
बयाना ( भरतपुर )


# 'त्यौहार आपसी सौहार्द से मनायें'

**करौली** (नि.स.)। जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह ने कहा कि आगामी त्यौहारों जैसे चेटीचंड, रामनवमी, महावीर जयंती,गुड फ्राइडे,परशुराम जयन्ती, ईदुलफितर सहित अन्य त्यौहार जिले मे धूमधाम से मनाये जाते है इन त्यौहारों मे लोगों की बाजारों मे भीड एकत्रित होती है जिसमे किसी भी प्रकार आपसी सौहार्द नही बिगडे इसके लिये जिला कलेक्टर ने इन त्यौहारों को आपसी सौहार्द व शांतिपूर्वक मनाये जाने के संबंध मे आमजन से अपील की है। उन्होने आमजन द्वारा कोई भी रैली आदि आयोजन करने से पूर्व राज्य सरकार के नियमानुसार उसके 7 दिन पूर्व संबंधित उपखंड अधिकारी से अनुमति लेने के निर्देश भी दिये।

जिला कलक्टर बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार मे शांति समिति की बैठक को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। जिला कलेक्टर ने कहा कि शांति समिति के सदस्य जिला एवं पुलिस प्रशासन के आंख व कान है। सभी समाज के प्रतिष्ठित व्यक्ति है समाज मे ऐसी कोई घटना नही हो जिससे कि आपसी सौहार्द बिगडे एवं इस प्रकार का कोई भी अंदेशा होने पर इसकी सूचना जिला व पुलिस प्रशासन को देने की भी अपील की एवं उन्होने बैठक मे उपस्थित सदस्यों से कहा कि वे समाज के लोगो के परिवारों एवं आस पास मे युवाओ को अफवाहों पर भी ध्यान नही देने की बात भी कही एवं जिला प्रशासन को समय समय पर सुझाव देने की भी बात कही। बैठक मे शांति समिति के सदस्यों द्वारा शहर मे आगामी त्यौहारों के दौरान मुख्य बाजारो मे यातायात व्यवस्था को दुरूस्त करने,चल रहे मेले के दौरान साफ सफाई सहित अन्य सुझाव दिये जिस पर जिला कलेक्टर ने शीघ्र ही समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया साथ ही बैठक मे ही संबंधित अधिकारियों को निर्देश भी दिये। बैठक मे उन्होने समस्त सदस्यों से अपेक्षा कि की युवाओं को सोशल मीडिया पर भी ऐसे धार्मिक विवाद वाले कमेन्ट्स नही करने दे जिससे कि सांप्रदायिक सौहार्द विगडे, साथ ही ऐसे असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखते हुए पुलिस व जिला प्रशासन का सहयोग कर सूचित करें। बैठक मे पुलिस अधीक्षक नारायण टोगस ने कहा कि समिति के सदस्यों द्वारा दिये गये सुझावों पर पुलिस द्वारा सकारात्मक समाधान का प्रयास किया जायेगा।

# महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव पर लगेगा रक्तदान शिविर




महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा।

**हिण्डौन सिटी।** भगवान महावीर के जन्म कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में जैन अलर्ट ग्रुप ऑफ इण्डिया की हिण्डौन शाखा के तत्वावधान में 2 अप्रेल को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। इस संबंध में ग्रुप ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। बुधवार को पुलिस उपाधीक्षक किशोरीलाल ने रक्तदान महादान बैनर का विमोचन कर लोगों को रक्तदान करने का संदेश दिया।

शिविर संयोजक राजेश जैन ने बताया कि सुबह 11 बजे ग्रुप के पदाधिकारी पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय पहुंचे। जहां पुलिस उपाधीक्षक को जैन धर्मावलम्बियों के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर के जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर रक्तदान शिविर आयोजित करने के बारे में बताया। इस पर पुलिस उपाधीक्षक ने रक्तदान को महादान बताते हुए जीवन के लिए अति आवश्यक बताया। साथ ही रक्तदान के प्रति अधिकाधिक लोगों को जागरूक करने बात कही। बाद में उन्होंने स्वैच्छिक रक्तदान शिविर बैनर का विमोचन किया और कहा कि रक्तदान के प्रति लोगों में अभी भ्रांतियां हैं। जिसे दूर करने के लिए लोगों को ज्यादा से ज्यादा रक्तदान के जानकारी देने के लिए कहा। संयोजक जैन ने बताया कि शिविर यहां जिला चिकित्सालय मोहन नगर में मोहित एजेंसी के सौजन्य से लगाया जाएगा।


## !! कार्यालय जिला पुलिस अधीक्षक, करौली ( राज. ) !!

क्रमांकः-घोड ( ) सामा/करौली/2023/2273-84 दिनांकः 22.03.2023

**खुली निविदा**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से कार्यालय जिला पुलिस अधीक्षक, करौली में वर्ष 2023-24 के लिए विभागीय 06 घोडों के उपयोगार्थ निम्न खाद्य सामग्री क्रय करने हेतु खुली निविदा जारी की जाती है। जिसमें इच्छुक निविदा दाता अपनी निविदाऐं निर्धारित शुल्क से दिनांक 04.04.2023 तक इस कार्यालय से प्राप्त कर सकेगे। निविदाऐं दिनांक 04.04.2023 को 01.00 बजे तक प्राप्त कर उसी दिनांक को 02.00 बजे समस्त निविदा दाताओं के समक्ष खोली जावेगी।

| क्र.सं. | निविदा विवरण | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 1 | चना 30 क्वि., जौ. 50 क्वि., चापड/चौकर 20 क्वि. नमक सादा 55 कि.ग्रा., नमक सैंदा 55 कि.ग्रा. | 3.50.000/- | 7000/- | 200/- |

**निविदा की शर्तेः-**

1. प्रस्तुत दरों में कांट-छांट ओवर राईटिंग मान्य नहीं होगी।
2. सशर्त एवं तार द्वारा प्राप्त निविदायें मान्य नहीं होगी।
3. दर सभी करों एवं समस्त खर्चों सहित एवं एफ.ओ.आर. प्रस्तुत करें।
4. निविदादाता फर्म का कोई अपराधिक रिकार्ड व ब्लैक लिस्टेड नहीं होनी चाहिए।
5. आदेश दिये जाने के 15 दिवस में सप्लाई/कार्य पूरा करना होगा। देरी पर एल.डी. काटी जावेगी।
6. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार इस कार्यालय के पास सुरक्षित रहेगा।
7. फर्म का जीएसटी रजिस्ट्रेशन/टिन नम्बर होना आवश्यक है। (फोटो प्रति संलग्न करें)।
8. दरे विभाग द्वारा निर्धारित मार्का की ही प्रस्तुत करनी होगी अन्य मार्का पर विचार नही किया जावेगा।
9. अधिकृत विक्रेता/निर्माता/सेवा प्रदाता होने का प्रमाण पत्र निविदा के साथ संलग्न करें। अन्यथा आपको निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा।
10. लिफाफे पर "वर्ष 2023-24 विभागीय घोडा खाद्य सामग्री" की निविदा आवश्यक रूप से अंकित करें।
11. खाद्य सामग्री का नमूना कार्यालय में क्रय समिति को प्रस्तुत किया जाना वांछित है।

जिला पुलिस अधीक्षक
करौली।